INDIAN SCHOOL SOHAR **SET-1**

FORMATIVE ASSESSMENT -2(2014-15)

विषय हिंदी (पाठ्य म - ब)

कक्षा ः IX **समय ः 45 मिनट**

दिनांक ः 29 : 05 : 2014 **पूर्णांक ः 20**

निर्देश 1 इस प्रश्र्न पत्र में कुल 9 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका मांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न **1- अपठित गद्यांश** (4)

पहनने ओढ़ने की तरह खार्ने पीने में भी उनके आचार विचार से बहुत लोग क्षुब्ध हो जाते थे। वे अपनी किसी भी कमज़ोरी को छिपाते नहीं थे। अपने को साधारण आदमियों में गिनते थे। महामानव बनने तथा पूजा वन्दना कराने से उन्हें चिढ़ थी। उनके शरीर पर जनेऊ न देखकर एक पंडित ने कहा था 'महाराज आप यज्ञोपवीत नहीं धारण करते' निराला जी ने कुछ रोष में कहा "गुलाम देश में सब क्षुद्र हैं यहा ब्राह्मण कौन है" मानो इसलिए उन्होंने अपने गा के साधारण जनों से विशेष नाता जोड़ा था। जहा पुराणपंथी उनसे चिढ़ते थे गरीब किसान और अंत्यज उन पर जान देते थे। चतुरी चमार के बेटे को अपने घर पढ़ाते थे। लखनऊ में अपने होटल के सामने फुटपाथ पर पड़ी रहने वाली एक पगली भिखारिन से उन्हें बहुत सहानुभूति थी। इसी कारण चतुरी और उस पगली पर अपने अपूर्व रेखाचित्र लिख सके थे। रात में सोते समय अक्सर जग जाते थे और घंटों छत पर या बरामदे में टहला करते थे। उस समय उनका मन किस दुर्ख सागर में डूबा रहता था इसे उनके सिवाय कोई नहीं जानता। अपनी कन्या सरोज की मृत्यु से उन्हें गहरा धक्का लगा था। दुख के इस हृदर्य मंथन से उन्होंने जो अमृत निकाला वह उनकी अमर कविता ‘सरोज स्मृति’ थी। व्यथा ने उन्हें जर्जर कर दिया था।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ः

(क) बहुत से लोग उनसे क्षुब्ध क्यों थे

(ख) दुख के हृदर्य मंथन से कौन सा अमृत निकला

(ग) निराला जी किसके लड़के को अपने घर पर पढ़ाते थे

(घ) ‘साधारण’ और ‘अमृत’ शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

प्रश्न 2- □क□ वर्ण - विच्छेद कीजिए - त्रिफला , घृणित □1□

प्रश्न 3- वर्ण - संधि कीजिए अ + न् + उ + र् + ऊ + प् + अ □1□
श् + र् + अ + म् + अ

प्रश्न 4 - निम्नलिखित शब्दों में उचित अनुनासिक व अनुस्वार वाले शब्द छाटकर लिखिए ः (1)

कंगन □रक्त□ बांसुरी □गूगा□

प्रश्न 5- निम्न शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता का प्रयोग कीजिए ः (1)
खून □ फार्म

प्रश्न 6 – मिट्टी और धूल में क्या अंतर है □पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। □3□

प्रश्न 7 – 'दुख का अधिकार' पाठ का शीर्षक कहा तक सार्थक है □ स्पष्ट कीजिए। □3□

प्रश्न 8 – लेखक उस स्त्री के रोने का कारण क्यों नहीं जान पाया □पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए □3□

प्रश्न 9 - निम्न चित्र को देखकर 40 से 50 शब्दों में वर्णन कीजिए। □3□
वर्णन चित्र से संबद्ध होना चाहिए।

----------------0--------------